राजस्थान में नकली टॉफी और टोमेटो केचप बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़, सील होगी फैक्ट्री

अगर आपके बच्चे गली-मोहल्ले की दुकानों पर मिलने वाले टॉफी, चॉकलेट, लेमनचुस का सेवन कर रहे हैं, तो सावधान हो जाएं. क्योंकि राजस्थान में फुड सेफ्टी डिपार्टमेंट ने एक ऐसी फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है जो बिना फूड लाइसेंस के बड़ी मात्रा में टॉफी, चॉकलेट, लेमनचुस, टोमेटो केचप आदि का निर्माण किया करता था. इस फैक्ट्री में बनने वाले प्रोडक्ट में भी निर्धारित मानकों का ध्यान नहीं रखा जाता था. फुड सेफ्टी डिपार्टमेंट की इस कार्रवाई के बाद अब इसे सील करने की प्रक्रिया की जा रही है.

अजमेर में खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई

खाद्य सुरक्षा विभाग की यह कार्रवाई राजस्थान के अजमेर जिले में मंगलवार को हुई. मिली जानकारी के अनुसार खाद्य सुरक्षा विभाग ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए साईं बाबा फूड प्रोडक्ट फैक्ट्री पर छापा मारा. इस फैक्ट्री में बिना फूड लाइसेंस के इमली चटनी, मैंगो और ऑरेंज टॉफी, टोमेटो केचप और कुरकुरे जैसे खाद्य उत्पाद बनाए जा रहे थे.

जांच अधिकारी खाद्य सुरक्षा अधिकारी दीपक कुमार ने बताया कि फैक्ट्री में भारी मात्रा में संदिग्ध सामग्री मिली, जिससे नकली और अस्वास्थ्यकर उत्पाद तैयार किए जाने की आशंका जताई जा रही है. टीम ने मौके से कई सैंपल जब्त कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिए हैं.

Source: https://rajasthan.ndtv.in/rajasthan-news/factory-making-fake-toffee-and-tomato-ketchup-busted-in-ajmer-rajasthan-7686160